# आयुक्त ने एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं भवन निर्माण का किया निरीक्षण

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर अंतर्गत जोन कार्यालय, निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, भवन निर्माण एवं अवैध निर्माण का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया निरीक्षण।

निगम आयुक्त द्वारा जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। टंकी के नीचे बने कमरा में बारिश के पानी से दिवालों एवं सिलिंग में सीपेज आ रहा है, जिसका संधारण कराने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया गया। समीपस्थ सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर बंद पड़े पंप का संधारण हेतु निर्देशित किया गया। केयरटेकर से साफ–सफाई के संबंध में चर्चा किया गया।

निगम आयुक्त द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में रोड साईड में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता रखते हुये कार्य करने निर्देशित किये। शासकीय जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग बनाकर कब्जा किया गया है और वहां बड़े वाहनो को खड़ा किया जा रहा है, जिसे हटाने सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया गया। पर्यावरण एवं धूलमूक्त शहर की संकल्पना हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (नेशनल क्लिन एयर प्रोग्राम) में इस रोड को शामिल कराने प्रस्ताव भेजे जाने हेतु जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रिया करसे उपअभियंता चन्द्रकांत साहू, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




